**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3719**
**उत्तर देने की तारीख 11 दिसंबर, 2019**

**बी॰एस॰एन॰एल॰ का स्टाफ**

**3719. श्री राजवीर दिलेरः**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा बी॰एस॰एन॰एल॰ को घाटे से उबारने के लिए सहायता करने और इसे निजी क्षेत्र की अन्य दूरसंचार कंपनियों की तुलना में और प्रतिस्पर्धत्मक बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) क्या सरकार बी॰एस॰एन॰एल॰ के टेक्नीकल स्टॉफ और इंजीनियरिंग स्टॉफ के भविष्य हेतु कोई कदम उठा रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री**
**(श्री संजय धोत्रे)**

(क) से (घ) मंत्रिमंडल ने दिनांक 23.10.2019 को आयोजित बैठक में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की पुनरूद्धार योजना को मंजूरी दी थी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 50 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) के जरिए स्टाफ संबंधी लागत को कम करना, इसकी परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण, सार्वभौमिक गारंटी बांडों के माध्यम से ऋण पुनर्संरचना तथा बीएसएनएल तथा एमटीएनएल के विलय की सैद्धांतिक मंजूरी शामिल हैं।

आशा है कि इस पुनरूद्धार योजना से बीएसएनएल का शीध्र कायापलट हो जाएगा तथा यह अपेक्षाकृत अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाएगा। संवर्द्धित वित्तीय निष्पादन से अंततः तकनीकी तथा इंजीनियरी स्टाफ सहित बीएसएनएल के कर्मचारियों को लाभ होगा।

********